अष्टादश

बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 16 माघ, 1947 (श०) / 05 फरवरी, 2026 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1)	कृषि विभाग	01
(2)	सहकारिता विभाग	01
	कुल योग --	02

कार्रवाई करना

1. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 24 दिसम्बर, 2025 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''संकट बिहार में प्रति व्यक्ति महज तीन ग्राम पैदा हो रही दाल'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य की आबादी और राष्ट्रीय मानक के अनुरूप राज्य में 11 लाख 92 हजार 634 टन के विरुद्ध मात्र चार लाख टन ही दाल का उत्पादन होने से प्रति व्यक्ति मात्र तीन ग्राम दाल प्राप्त हो रहे हैं, जबकि यह मात्रा 25 ग्राम होनी चाहिए, यदि हाँ, तो सरकार दाल का उत्पादन बढ़ाने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मक्का खरीद करना

2. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 38 जिलों में पैक्स के माध्यम से किसानों के धान तथा गेहूँ की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाती है, जबकि मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 38 जिलों के पैक्स के माध्यम से मक्का की खरीद का प्रावधान नहीं है, जिससे किसानों को मक्का बाजार में कम मूल्य पर बेचना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करते हुए किसानों से पैक्स के माध्यम से मक्का की खरीद करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 5 फरवरी, 2026 (ई0) ।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0 15(एल0ए0), 2025-26-डी0टी0पी0-550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026